# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक -डी0आई0सी0/2022/ 841, दिनांक - 03.08.2022

**अति आवश्यकीय**

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान,
सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

समस्त संकायाध्यक्ष,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय,
नैनीताल।

समस्त विभागाध्यक्ष,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय,
नैनीताल।

**विषय- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्नातक (बी0 ए0/बी0 एस-सी0/बी0 कॉम0) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश योग्यता सूची (Merit List) घोषित कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने सम्बन्धित।**

महोदय,

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु विश्वविद्यालय के परिसरों/सम्बद्ध महाविद्यालयों/सम्बद्ध संस्थानों की स्नातक (बी0 ए0/बी0 एस-सी0/बी0 कॉम0) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में सम्पादित कर पठन-पाठ्न का कार्य दिनांक 17 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम (बी0 ए0/बी0 एस-सी0/बी0 कॉम0) सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की अनन्तिम योग्यता सूची तैयार किये जाने हेतु सम्पूर्ण डेटा एक्सेल प्रारूप में विश्वविद्यालय के परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के एडमिन पोर्टल पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र निम्नवत् सम्पादित कराने का कष्ट करेंगे -

1. विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक (बी0 ए0/बी0 एस-सी0/बी0 कॉम0) प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की अनन्तिम योग्यता सूची तैयार किये जाने हेतु सम्पूर्ण डेटा को एक्सेल प्रारूप में डाउनलोड करने के लिये आपको सर्वप्रथम विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त यूजर-नेम व पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल पर (https://kuntl.net/college/College) पर लॉग-इन करना होगा। इसके पश्चात Admission 2022 लिंक पर क्लिक करना होगा। तदोपरान्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों की सूची प्रदर्शित हो जायेगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम के सामने बने Download बटन पर All/For Merit बटन पर क्लिक करके उक्त एक्सेल प्रारूप से सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची डाउनलोड हो जायेगी।
2. सूची डाउनलोड करने से पूर्व यदि किसी अभ्यर्थी के डेटा (जैसे नाम, पिता के नाम इत्यादि में वर्तनी (Spelling) की त्रुटि, अर्हता कक्षा में दिये गये अंकों में त्रुटि) में परिवर्तन किया जाना है तो Update Registration Data पर क्लिक करके उक्त एक्सेल प्रारूप में सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची डाउनलोड की जा सकती है।
3. योग्यता सूची (Merit List) परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर तैयार की जायेगी। तदोपरान्त योग्यता सूची (Merit List) के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों में लागू प्रवेश नियमावली/आर्डिनेन्स के अनुसार ही विद्यार्थियों के प्रवेश किये जाने अनिवार्य होंगे।
4. शैक्षणिक सत्र 2022-23 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत लागू विश्वविद्यालय के प्रवेश नियम/अध्यादेश (Ordinance) विश्वविद्यालय की वैबसाईट एवं आपके एडमिन पोर्टल पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। कृपया उक्तानुसार ही प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया सम्पादित करने का कष्ट करेंगे।
5. समस्त प्रवेश की प्रक्रिया कोविड-19 महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थितियों के कारण भारत सरकार/उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत सामाजिक दूरी इत्यादि के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा।

उपरोक्त के क्रम में माननीय कुलपति जी के निर्देशों के अनुपालन में मुझे आपको सूचित करने का निर्देश हुआ है कि प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में सम्पादित कर सम्बन्धित कक्षाओं में विधिवत् पठन-पाठन का कार्य दिनांक 17 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय,

03/08/2022

**निदेशक, डी0 आई0 सी0/संयोजक प्रवेश**

**प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -**

1. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. परीक्षा नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. प्रभारी, ई0 आर0 पी0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

03/08/2022

**निदेशक, डी0 आई0 सी0/संयोजक प्रवेश**